वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 199 | सोमवार 14 नवम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

लिटररी फेस्टिवल अभिव्यक्ति सीजन 2 का दूसरा दिन

## राइटर्स ने सैन्य जुड़ाव को किया साझा, सत्र में मौजूद रहे रोडीज फेम रणविजय सिंह




**जयपुर. कासं**

जवाहर कला केन्द्र का पूरा परिसर साहित्य और भारतीय सेना से जुड़े लोगों और उनके परिवार के सदस्यों से आबाद रहा। मौका था, आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) की ओर से आयोजित लिटररी फेस्टिवल अभिव्यक्ति सीजन 2 का। रविवार को फेस्टिवल का दूसरा दिन था और इस मौके पर कई ऐसे सत्र आयोजित हुए, जिसमें देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपने साहित्यक अनुभवों के साथ भारतीय सेना से जुड़ाव को सभी के साथ साझा किया। एक सत्र में रोडीज फेम रणविजय सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंने देशप्रेम और सैनिक परिवार से जुड़ाव के लम्हों को साझा किया। दूसरे दिन का विषय 'खुला आसमान' था। ऐसे में दिन की शुरूआत जाने-माने लेखक एंकर शिव अरूर के साक्षात्कार से हुई। साहित्यिक महोत्सव में अरूर की उपस्थिति महत्वपूर्ण इसलिए भी थी, क्योंकि उन्होंने एक रक्षा संवाददाता होने के साथ-साथ कई सैन्य पुस्तकें भी लिखी हैं। अरूर ने सैन्य संगठन के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बताया। इसके बाद क्षेत्रीय आवा अध्यक्षा रवनीत भिंडर ने ज्योत्सना अत्रे की लिखित पुस्तक 'द जंगल बुक ऑफ राइम्स' का विमोचन किया।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे करेंगी 51 अचीवर्स को सम्मानित



### नेशनल ग्लोरियस अवॉर्ड 2022 की ट्रॉफी और पोस्टर लॉन्च, आमेर स्थित इंडियाना पैलेस में होगा ग्रैंड इवेंट

**जयपुर. कासं**

अपने-अपने फील्ड में उल्लेखनीय कार्यों के साथ समाज में मूल्यवान स्थान बना चुके 51 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। मौका होगा 20 नवंबर को आमेर स्थित इंडियाना पैलेस में आयोजित होने जा रहे नेशनल ग्लोरियस अवॉर्ड 2022 का। हाल ही में इसका ट्रॉफी अनवेलिंग और पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम का गोपालपुरा रोड स्थित होटल ग्रैंड सफारी में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक लूपा मुद्रा गोगोई, ऋषभ जैन, कार्यक्रम के प्रबंधक रिंकु सिंह गुर्जर, अंबालिका शास्त्री सहित प्रदीप बिसवाल, हुकुम सिंह कुंपावत, संदीप भल्ला और पवन गोयल ने आयोजन से जुड़ी तैयारियों को साझा किया। आयोजक लूपा मुद्रा गोगई ने बताया कि देश भर से चुने गए 51 अचीवर्स को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सेलिब्रिटी गेस्ट और बॉलीवुड डीवा मुग्धा गोडसे कार्यक्रम में चार चांद लगाने के साथ ही सभी अचीवर्स को ट्रॉफी देते हुए सम्मानित करेंगी। ये सभी 51 अचीवर्स का विभिन्न कैटेगरीज, जैसे फैशन,एजुकेशन, बिजनेस, आर्ट एंड कल्चर, मेडिकल, ज्वेलरी, ब्लॉगर, एफ एंड बी, डिफेन्स जैसी कैटेगरीज में चयन किया गया है। ट्रस्टेड विजन संस्था की तरफ से हो रहे इस कार्यक्रम में फैशन शो, कल्चरल प्रोग्राम, लाइव बैंड परफॉरमेंस भी आयोजित होंगे। साथ ही शहर के कई जाने-माने और चर्चित गणमान्य भी मुख्य कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# भ्रष्टों के खिलाफ जल्द मिलेगी अभियोजन स्वीकृति

### डीजी एसीबी सोनी ने बताया सीएम के निर्देश पर सीएस ने जारी किए हैं सभी अधिकारियों के निर्देश

**जयपुर. कासं**



प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले तेजी से बढ़े जा रहे हैं। भ्रष्टाचार को भले ही बंद करने को लेकर राजस्थान एसीबी और राज्य सरकार काम कर रही हो, लेकिन प्रदेश में कई विभाग तो भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को ही शह दे रहे हैं। राजस्थान एसीबी की ओर से भ्रष्टाचार के कई मामलों को उजागर किया गया है। लेकिन आरोपियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने से खुद एसीबी भी परेशान है। अभियोजन स्वीकृतियां जारी नहीं कर विभाग अपने विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को बचाने में जुटे है। विभागों की ओर से अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में लंबित भ्रष्टाचार के मामलों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने के लिए राजस्थान एसीबी के मुखिया बीएल सोनी के प्रयास रंग लाने लगे है। राजस्थान एसीबी बीते वर्षों की तुलना में भ्रष्टाचार के खिलाफ रिकॉर्ड कार्रवाई कर रही है। लेकिन कई प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही थी। ऐसे प्रकरणों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी अवगत कराया गया है।

# बाल दिवस पर हुआ बाल मेला का भव्य आयोजन



अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया

जयपुर। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महात्मा गांधी नगर Dcm अजमेर रोड पर आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला के इतिहास में प्रथम बार बाल दिवस के मौके पर बाल मेला का भव्य आयोजन किया गयो मुख्य अतिथि मंदिर अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जैन व मंदिर सदस्य पकंज जैन द्वारा चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन कर मेला का शुभारंभ किया गया । पाक कला के अंतर्गत पाठशाला के बच्चों ने माता पिता के सहयोग से स्वादिष्ट भारतीय जैन व्यंजनों के स्टॉल लगाए । पाठशाला संचालन शिवानी जैन ने बताया की बाल मेला का मुख्य उद्देश्य भारतीय व्यंजनों को बढ़ावा देना आजकल के बच्चे सोचते हैं की फास्ट फूड के बिना जिंदगी असंभव है इस बार मेले से उनको यह समझ आएगा कि जैन फूड के आगे फास्ट फूड कुछ भी नहीं है, बच्चों की पाककला में रूचि बढ़ाना ताकि बच्चे आगे चलकर जैन मुनि व आर्यिका माता जी को अच्छे से आहार करा सके जब वो पैसे कमाएं एवं माता पिता के पैसों की अहमियत समझ सके बच्चों को स्वावलंबी बनाना ही पाठशाला का मुख्य उद्देश्य है इस अवसर पर पाठशाला संचालन शिवानी जैन, सुरभि जैन, अमित जैन, आशीष लुहाड़िया, मंदिर अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अजमेरा, कैलाश लुहाड़िया, विजय सेठी, बिना जैन, सुनीता जैन, रीतू जैन, सीमा बड़जात्या, पत्रकार अमन जैन कोटखावदा आदि ने बाल मेला में पधारकर पाठशाला के बच्चों का मनोबल बढ़ाया एवं सभी ने जैन स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के समापन पर सुरभि जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# विद्याश्रम स्कूल में मनाया ग्रांडपैरेण्ट्स डे



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल में मनाये ग्रांडपैरेण्ट्स डे में भारी संख्या में कक्षा चार के विद्यार्थियों के पेरेंट्स व ग्रांडपैरेण्ट्स शामिल हुए। खाना खजाना के अन्तर्गत फेमेली किचनः विदाउट फायर में विधार्थियों के साथ में पैरेंट्स व ग्रांडपैरेण्ट्स को मिलकर 30 मिनट में बिना आग के व्यंजन बनाने थे जिसमें सभी भाग लेने वालों के द्वारा भांति भांति के व्यंजन व पेय बनाने के दौरान कोर्डिनेटर चारू मिश्रा व आकांक्षा शर्मा ने बराबर सभी के कार्यों का निरिक्षण किया । बाद में समय पूरा होने के बाद सभी के व्यंजनों व पेय पदार्थों का बहुत ही आकर्षक रूप से डिस्प्ले किया। प्रिन्सिपल प्रतिमा शर्मा एवं वाइस प्रिन्सिपल स्मिता भटनागर ने सभी स्टाल्स का निरिक्षण कर एक - एक से व्यंजनों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। कक्षा चार के विद्यार्थि जिताक्ष जैन के स्टाल से प्रभावित होकर जिताक्ष जैन के ग्रांडपेरेण्ट्स शशी बैद , हीरा चन्द बैद व पैरेंट्स स्वाति जैन व हिमांशु जैन से विस्तृत चर्चा की व व्यंजनों का स्वाद लेते हुए डिस्प्ले , समन्वय तथा व्यंजनों व पेय की जम कर तारीफ की।

# वाचनाचार्य विशालमुनिजी का संयम जीवन श्रमण संघ की सेवा में समर्पित एवं प्रेरणादायी : समकितमुनिजी




## उपाध्याय प्रवर विशालमुनिजी का जन्मोत्सव गुणानुवाद कर मनाया गया, दीक्षा दिवस पर रविन्द्रमुनिजी को समर्पित प्रेम एवं आत्मीयता की चादर

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया।

भीलवाड़ा। आगम मर्मज्ञ, प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में रविवार को श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ यश सिद्ध स्वाध्याय भवन के तत्वावधान में सांगानेर रोड स्थित सन्मति वाटिका में उपाध्याय प्रवर वाचनाचार्य विशालमुनिजी म.सा. का 70वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पूज्य विशालमुनिजी म.सा. का गुणानुवाद करने के साथ श्रमण संघ की सेवा में उनके योगदान का स्मरण किया गया। पूज्य समकितमुनिजी ने वाचनाचार्य गुरूदेव विशालमुनिजी की ओर से हार्दिक मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वह नेपाल के ब्राह्मण कुल में जन्में ऐसे महापुरूष है जिनकी प्रेरणा से नेपाल के कई युवक-युवतियों ने श्रमणसंघ में दीक्षाग्रहण की है। मात्र 19 वर्ष की उम्र में प्रवर्तक शांतिस्वरूपजी म.सा. के सानिध्य में सुमतिप्रकाशजी म.सा. से दीक्षा अंगीकार करने वाले विशालमुनिजी म.सा. को मात्र 13-14 वर्ष की दीक्षा पर्याय के अंदर उपाध्याय पद पर प्रतिष्ठित किया गया। उन्होंने कहा कि वाचनाचार्य गुरूदेव ने हमेशा संघ-समाज की कमियों को दूर करने का प्रयास किया एवं कहीं भी दुराव या विघटन की स्थिति बनी तो समझा-बुझा कर एक करने में महारत पाई है। उनकी प्रेरणा से देश में कई जगह-जगह बड़े-बड़े स्थानक बने है। दीक्षा पर्याय 50 वर्ष पूर्ण हो चुके पर विनम्रता गजब की है। उन्होंने कहा कि हमारे को बोलना सीखाने वाले और ज्ञान देने वाले यहीं महापुरूष थे। धर्मसभा में रविन्द्रमुनिजी नीरज ने कहा कि राजस्थान का नंबर वन चातुर्मास भीलवाड़ा के शांतिभवन में हुआ। युवा वर्ग धर्म से जुड़ा और समर्पित भाव से सेवा की। श्रमण संघ हीरों से भरी खान है एवं पूज्य समकितमुनिजी की उपस्थिति ने भीलवाड़ा में चार चांद लगाए। उन्होंने पूज्य उपाध्याय प्रवर विशालमुनिजी म.सा. के जन्मोत्सव मनाने पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्होंने कम से कम 100 साधु-साध्वियों को दीक्षा के लिए प्रेरणा प्रदान कर श्रमणसंघ पर बड़ा उपकार किया है। भविष्य में भी वह इसी तरह गुरूसेवा करते रहे यहीं कामना है। रविन्द्रमुनिजी नीरज के रविवार को संयम जीवन के 21वें वर्ष में प्रवेश करने पर आगममर्मज्ञ पूज्य समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा की ओर से उनको प्रेम एवं आत्मीयता की चादर समर्पित की गई। ये चादर पूज्य गुरूदेव को समर्पित करने वालों में शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, मंत्री राजेन्द्र सुराना, यश सिद्ध स्वाध्याय भवन संघ के अध्यक्ष कैलाशचन्द्र बड़ौला, मंत्री मुकेश डांगी, जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा गोखरू आदि शामिल थे। धर्मसभा में गायन कुशल जयवंतमुनिजी म.सा. ने पूज्य विशालमुनिजी म.सा. को समर्पित गीत ह्मगुरूवर हो भोले भाले शासन की शोभा बढ़ाई, देते है आपको बधाई प्रस्तुत किया। धर्मसभा में प्रेरणाकुशल भवान्तमुनिजी का भी सानिध्य रहा। समारोह में शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, शांतिभवन के मंत्री राजेन्द्र सुराना, अहिंसा भवन संघ के मंत्री सुशील चपलोत, जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा गोखरू, महावीर युवक मंडल के मंत्री अनुराग नाहर, यश सिद्ध महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा नानेचा, स्नेहलता चौधरी, मधु लोढ़ा, सुनीता सुकलेचा, अशोक नंगावत, शांतिलाल पोखरना, लाड़जी मेहता, पीयूष खमेसरा, शांतिलाल सुराना आदि ने भी गीतों व विचारों के माध्यम से समकितमुनिजी म.सा. के प्रति मन के भाव व्यक्त किए। यश सिद्ध महिला मंडल की सदस्यों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

# विनय और नम्रता द्वारा ही गुणों की प्राप्ति संभव: सुधासागर

## विद्वत संगोष्ठी में विद्वान पुरूष्कार से हुए सम्मानित, साहित्यक कृतियों का हुआ लोकार्पण

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

अभिनंदनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र पर राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी में मुनि सुधासागर महाराज ने कहा विनय और नम्रता द्वारा ही गुणों की प्राप्ति हो सकती है अगर किसी से कुछ सीखना है तो जीवन में विनय जरूरी है। मुनि श्री ने कहा जो आंख सारी दुनिया को देखती है स्वयं को नहीं देखती है। हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना जिससे समाज में नीचा देखना पडे। जैन दर्शन में स्तोत्रों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा प्रभु के गुणों का स्मरण स्तोत्रों के माध्यम से होता है जिसमें श्रावक भक्ति करके आनंद की अनुभूति करता है। उन्होने स्तोत्रों को जीवन में उपयोगी बताते हुए कहा जो प्रभु की भक्ति करेगा वह संसार में कभी दुखी नहीं होगा और भक्ति यदि चरम पर पहुच गई तो मुक्ति की प्राप्ति भी असंभव नहीं होगी। जैन स्तोत्र साहित्यानुशीलन राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी के तृतीय दिवस मुनि सुधासागर महाराज एवं मुनि पूज्य सागर महाराज एलक धैर्यसागर महाराज क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आचार्य श्री के चित्र अनावरण दीपप्रज्जवलन से हुआ। प्रारम्भिक सत्र में की अध्यक्षता वृषभ प्रसाद जैन लखनउ ने करते हुए जैन स्तोत्रों का भाषा वैशिष्ट्य को विस्तार से बताया। संगोष्ठी में सारस्वत अतिथि प्रो. अरूण कुमार जैन सांगानेर रहे जिन्होने स्तोत्र साहित्य में भक्ति का व्याकरण विषय पर अपना आलेख प्रस्तुत किया। जवकि संयोजन पं. प्रदीप जैन दमोह द्वारा किया गया। पं. संजीव कुमार जैन महरौनी ने मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज के भक्ताम्मर स्तोत्र संबंधी प्रवचनों के प्रभाव को विस्तार से बताया जवकि डा. शैलेश कुमार जैन बांसवाडा ने भक्ताम्मर स्तोत्र में भगवान का वाहय और आभ्यन्तरिक वैभव को अपने आलेख में बताया। मध्यान्ह सत्र प्रो. अशोक कुमार जैन वाराणसी की अध्यक्षता में हुआ जिसमें सारस्वत अतिथि पं. दिनेश गंगवाल जयपुर ने स्तोत्र साहित्य में देव देवालय मानस्तम्भ एवं वास्तु की अवधारणा को अपने आलेख में बताया। संगोष्ठी का संचालन डा. शैलेश कुमार जैन बांसवाडा ने किया। संगोष्ठी में 1. राकेश जैन जयपुर ने आप्तमीमांसा में सवेर्षां आप्तानास्ति कथन का औचित्य एवं प्रो. कमलेश कुमार जैन जयपुर ने स्तोत्र साहित्य में स्तुति संबंधी शब्दावली और उसका वैशिष्टय पर अपना आलेख प्रस्तुत किया। डा. आनंद कुमार जैन वाराणसी ने युक्त्यनुशासन की दार्शनिकता व प्रो. ऋषभ चंद जैन फोजदार दमोह ने एकीभाव स्तोत्र में एकीभाव और उसकी पूर्णता की अवधारणा पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय विद्वत परिषद ने आचार्य विद्यासागर पुरूष्कार से डा.राका_ जैन लखनउ,आचार्य ज्ञानसागर पुरूष्कार से पं. महेश जी सतना,मुनि पुंगव सुधासागर पुरूष्कार पं. आलोक जैन मोदी ललितपुर, श्रमण संस्कृति एवं तीर्थसंरक्षण पुरूष्कार से डा०पुलक गोयल जवलपुर को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में अर्न्तमनकी अनुभूति रिलीजन एण्ड फिलासफी आफ जैन्स, आचार्य कुन्दकुन्द वाडमय में सैद्धान्तिक विमर्श, आर्यिका स्वरूप चार्या एवं आचार्य, रजत गौरव सुधा, जिन स्तोत्र भारती आदि कृतियों का विमोचन किया गया। इसके उपरान्त सम्मानित विद्वानों की भव्य शोभायात्रा निकली जिसमें श्रावकों ने पुरूष्कृत विद्वानों के पुण्य की अनुमोदना की। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्वत परिषद ने संगोष्ठी की संयोजना में सहयोग के लिए दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष अनिल जैन अंचल, महामंत्री डा. अक्षय टडैया प्रबंधक राजेन्द्र जैन थनवारा, मोदी पंकज जैन पार्षद संयोजक धार्मिक आयोजन मनोज जैन बबीना मीडिया प्रभारी अक्षय अलया संगोष्ठी संयोजक संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेन्द्र जैन डिस्को, सत्येन्द्र जैन गदयाना मनोज जैन ललितपुर लाइव चैनल, श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, अशोक दैलवारा के साथ आचार्य विद्यासागर व्यायामशाला को सम्मानित किया। ललितपुर दिगम्बर जैन पंचायत ने आमंत्रित श्रेष्ठी विद्वतजनों को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जिसमें प्रमुख रूप से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अधिष्ठाता डा.जयकुमार जैन, पं. अरूण कुमार जैन जयपुर, डा. शैलेश कुमार जैन शास्त्री जयपुर,डा. रमेश चंद जैन नई दिल्ली, प्रो. फूलचंद प्रेमी वाराणसी, डा.अशोक जैन वाराणसी, डा. ज्योति जैन खतौली, पं. वृषभ कुमार जैन लखउ, डा. ज्योति बाबू जैन उदयपुर,पं. अशोक जैन शास्त्री इन्दौर, डा. नरेन्द्र जैन सनावद, पं. दिनेश गंगवाल प्रमुख रहे। संगोष्ठी का संचालन विद्वत्परिषदके महामंत्री डा. सुरेन्द्र भारती बुरहानपुर द्वारा किया गया।




### विद्वत्य परिषद का खुला अधिवेशन आज

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्य परिषद का आज 14 नबम्बर को मुनिश्री के सानिध्य में प्रातः 7-3. बजे से खुला अधिवेशन प्रस्तावित है जिसमें मुख्य अतिथ जैन गौरव श्री अशोक पाटनी शिनगढ, ज्ञानेन्द्र गदिया सूरत डा. मणीन्द्रजैन नईदिल्ली रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अक्षय अलया ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता डा. अरूण कुमार जैन प्राचार्य श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर एवं संयोजन डा. सुरेन्द्र भारती महामंत्री विद्वत परिषद द्वारा किया जाएगा।



### अभिनंदनोदय तीर्थ में रजत चौबीसी जिनालय का शिलान्यास

प्रातःकाल अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के सानिध्य एवं पं. सुरेश चद जैन दमोह के मार्गदर्शन में रजत चौबीसी मंदिर का शिलान्यास का पुजन श्रावक श्रेष्ठी विनोद कुमार,देवेन्द्र कुमार मुकेश कुमार राकेश सुनील कामरा परिवार ने किया। गौरतलव रहे अभिनंदनोदय तीर्थ में भव्य_रजत चौबीसी मंदिर निर्माण की प्रेरणा मुनि श्री ने समाज को दी जिससे निर्माणाधीन भव्य जिनालय में श्रावकों को रजत चौबीसी जो विश्व में अद्वितीय रहेगी के दर्शनलाभ का सौभाग्य मिलेगा।

## वेद ज्ञान

### परिश्रम की शक्ति...

हम इस संसार में कुछ अर्जित करने के लिए आए थे, लेकिन सपनों में खो गए। इस क्रम में दिन-रात सपने देखने लगे और सपनों को ही सत्य भी मानने लगे। इसका नतीजा यह हुआ कि हमारे हृदय के अंदर छिपी हुई जो सच्चाई है, हम उसे ही भूल गए। सपना क्यों देख रहे हो? आंखें खोलिए। यह सपना नहीं है कि आप जीवित हैं। यह सपना नहीं है कि आपके अंदर सांस आती है। यह सपना नहीं है कि आपका एक हृदय है। इसे स्वीकार कीजिए। सपने में आप क्यों फंसे हुए हैं? हम लोग भविष्य की चिंताओं में लग जाते हैं। अगर भविष्य बदल ही लेंगे तो वह भविष्य कहां रहा। यह शरीर कहां रहता है? यह शरीर भविष्य और भूतकाल में नहीं,बल्कि यह वर्तमान समय में रहता है। भविष्य की बात कोई नहीं जानता, यह सांस आए या न आए, किसे मालूम है? हम सब जीवन में असली स्वतंत्रता को पहचानें, क्योंकि आपका हृदयरूपी पक्षी उड़ना चाहता है, अनंत आकाश में। पल दो पल के लिए नहीं, जीवन भर के लिए। वह उस स्वतंत्रता को महसूस करना चाहता है, जहां चिंताएं नहीं, दुख-दर्द या पीड़ा नहीं, जहां काल या समय की बेड़ियां नहीं, बल्कि सिर्फ आनंद ही आनंद हो। यदि आपने उसकी पुकार को अनसुना कर दिया तो यह जीवन भी सूना-सूना रहेगा। क्या हम विचार करते हैं कि यही मौका है, यही अवसर है? हजारों लोग हिमालय की चोटी पर चढ़ने के लिए निकलते हैं, कुछ परिश्रम कर थोड़ा आगे बढ़ते हैं और यदि कोई बाधा आ जाती है तो लौटकर घर आ जाते हैं। गिने-चुने ही सफल हो पाते हैं। लोग कहते हैं कि हमने तो काफी प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। यह कैसे संभव है कि आग जले और गर्मी महसूस न हो। ठीक उसी प्रकार यह भी असंभव है कि कोई परिश्रम करे और उसे सफलता न मिले। यदि आपको असफल लोगों की कहानी सुनाई जाए तो पता चलेगा कि उन्होंने पूरे मन से परिश्रम और सफलता के लिए प्रयास नहीं किया। ऐसे में उसे सफलता कैसे मिलेगी? हम धनी, विद्वान या नेता बनना चाहते तो हैं, परंतु क्या कभी ऐसा विचार किया कि क्या गूढ़ है, वहां तक पहुंचने के लिए?

## संपादकीय

# वैश्विक तापमान में वृद्धि...

पृथ्वी को जलवायु परिवर्तन के कहर से बचाने के लिए इन दिनों मिस्र के शर्म अल-शेख में सीओपी27 के रूप में बड़ा आयोजन हो रहा है। इसमें 90 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटे हैं, जो मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए गहन मंथन में जुटे हैं। एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती से जूझ रही है तो प्राचीन भारतीय परंपराएं उनकी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती हैं। प्राचीन काल से ही भारत का रवैया पारिस्थितिकी को लेकर बेहद सतर्क और संरक्षक जैसा रहा है। यजुर्वेद में पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष और समस्त ब्रह्मांड की शांति की कामना की गई है। भारत सीओपी27 में एक विशिष्ट



क्लब का हिस्सा है। यह क्लब उन 20 देशों का समूह है, जिन्होंने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाने की दिशा में संशोधित योजनाएं पेश की हैं। अगस्त, 2022 में भारत ने अपनी जीडीपी की उत्सर्जन इंटेंसिटी घटाने का लक्ष्य संशोधित किया है। संशोधित लक्ष्य में इसे 2030 तक 45 प्रतिशत तक घटाना है, जबकि 2005 में इसमें 30 से 35 प्रतिशत कटौती की बात थी। सेंटर फार साइंस एंड एनवायरमेंट के अनुसार 2005 के बाद से उत्सर्जन इंटेंसिटी पहले ही 24-25 प्रतिशत तक घट गई है। भारत 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा है। वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में पहले ही एक डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। यदि मौजूदा रवैये में कोई सुधार नहीं होता तो इस शताब्दी के अंत तक पृथ्वी का तापमान तीन डिग्री सेल्सियस और अगली शताब्दी के मध्य तक साढ़े चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। इससे समुद्र का स्तर बढ़ेगा और महासागरों में अम्लीयता बढ़ेगी। पूरी दुनिया इस समय 40 वर्ष पहले की तुलना में तीन गुना अधिक प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं से जूझ रही है। पिछले दो दशकों में 19 दिनों में दर्ज गर्मी ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए। इतिहास के करीब 50 प्रतिशत सबसे भयंकर चक्रवात बीती दो शताब्दियों में आए। आशंका जताई जा रही है कि अगले 80 वर्षों में 50 करोड़ लोग पलायन के लिए बाध्य होंगे और चार करोड़ काल का ग्रास बन जाएंगे। पानी की किल्लत, खराब सेहत, भुखमरी और गर्मी के कारण उत्पादकता में गिरावट से सालाना 40 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर का नुकसान होने का अनुमान है। एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में हालिया प्रकाशित एक आलेख का यही सार है कि वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी को डेढ़ प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य ने दुनिया भर में जलवायु नीतियों को प्रभावित भले किया हो, लेकिन यह लक्ष्य पाना संभव नहीं लगता।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# राहत का वीजा

भारतीय नागरिकों को अमेरिका जाने के लिए वीजा हासिल करने में लगने वाली देरी से अब मुक्ति मिल जाएगी। अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों ने वीजा प्रक्रिया के काम में लगने वाली देरी को खत्म करने के लिए कई तरह के कदम उठाने का जो फैसला किया है, वह निश्चित ही राहत भरा है। सबसे बड़ा जो कदम उठाया गया है वह यह कि एक लाख अतिरिक्त वीजा जारी करने का फैसला किया है। जैसा कि दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के लिए वीजा इंतजार का वक्त घट कर उतना ही रह जाएगा, जितना कोरोना महामारी से पहले लग रहा था। अभी वीजा के लिए लोगों को आठ सौ चवालीस दिन तक यानी सवा दो साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। अगर पर्यटकों को छोड़ दें तो भारत से नौकरी और पढ़ाई के लिए बड़ी संख्या में छात्र अमेरिका जाते हैं। ऐसे में वीजा के लिए इतना लंबा इंतजार लोगों के लिए नए संकट खड़े कर देता है और लोग अनिश्चितता के भंवर में फंसे रहते हैं। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की वजह से अमेरिका ने दूसरे देशों से अपने यहां आने वाले नागरिकों को लेकर सख्त कदम उठाए थे और उन्हें वीजा देना बंद कर दिया था। इसके पीछे एक बड़ा कारण तो यह था ही कि बाहर से आने वाले लोग वहां कोरोना संक्रमण फैलाने का कारण न बनें, साथ ही कोरोना से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को जो नुकसान पहुंचा और बेरोजगारी बढ़ी, उसके मद्देनजर भी लोगों का आना प्रतिबंधित किया गया। अमेरिकी वीजा में होने वाली देरी का मुद्दा कोई नया नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ समय-समय पर बातचीत में इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। हालांकि वीजा देरी पर अमेरिकी प्रशासन जो तर्क देता रहा है, वह समझ से परे रहे हैं। पहला तो यही कि अमेरिकी सरकार अपने दूतावासों में कर्मचारियों की कमी की बात कहती आई है। यह भी कि पिछले कुछ समय में वीजा के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में अचानक तेजी आ गई। भारत को यह बात इसलिए भी ज्यादा अखरी कि चीन और पाकिस्तान के छात्रों को अमेरिका के लिए वीजा फटाफट मिलने की खबरें आईं। मालूम पड़ा कि चीन के छात्रों को तो दो दिन में, पाकिस्तान के छात्रों को एक दिन में और श्रीलंका के छात्रों को चार दिन में ही वीजा मिल जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि भारत जैसा देश जो अमेरिका का करीबी है और कारोबारी रिश्तों से लेकर शिक्षा, रक्षा, आइटी जैसे तमाम क्षेत्रों में उसका सहयोगी है, तो फिर भारतीय छात्रों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों। अब अमेरिकी विदेश विभाग ने वीजा संबंधी नियम प्रक्रिया आसान बनाने की बात कही है। चूंकि वीजा के लिए भी कई तरह की श्रेणियां होती हैं, इसलिए सबका ध्यान रखा जाना होगा। अभी राहत की बात इतनी है कि शैक्षणिक वीजा सहित कई तरह के वीजा के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। फिलहाल जोर अस्थायी रोजगार के लिए अमेरिका जाने वालों को लेकर है। इसके अलावा एच-1बी वीजा वालों की संख्या भी काफी है। अभी चीन और मैक्सिको के लोगों को सबसे ज्यादा वीजा मिल रहा है। जो अमेरिका भारत से रिश्तों को लेकर तरह तरह के दावे करता रहता है, अगर वह भारतीय नागरिकों के प्रति इस तरह का भेदभाव करेगा तो जाहिर है, भारत को यह खलेगा।

## श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार जी बापू गांव

# छठा महामस्तकाभिषेक एवं वार्षिक मेला हर्षोल्लास से सम्पन्न



**बापू गांव, जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापू गांव में तपो भूमि प्रणेता प.पू.आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी मुनिराज की पावन प्रेरणा से नेमीनाथ भगवान का छठा महामस्तकाभिषेक एवं वार्षिक मेला हर्षोल्लास सहर्ष सम्पन्न हुआ, इस ऐतिहासिक समारोह में जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रातः अभिषेक,शांतिधारा, झंडा रोहण बाद भगवान नेमीनाथ का विधान हुआ उक्त विधान प्रतिष्ठाचार्य सुरेशकुमार शास्त्री निवाई वालों ने विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा दुर्गेश एण्ड पार्टी नेनवा की विभिन्न सुर लहरियों के द्वारा साज के साथ विधि विधान से श्री फलों के द्वारा 70 अर्घ्य चढ़वाकर सम्पन्न कराया। गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में सौधर्म इन्द्र अनिल कुमार - उषा पांड्या बनेठा वाले तथा कुबेर इन्द्र प्रकाश चंद -प्रेमदेवी बाकलीवाल सहित 11इन्द्रौं ने विधान में पुण्यार्जन प्राप्त किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार - उषा जी पांड्या बनेठा वालों को प्रथम महामस्तकाभिषेक करने का सोभाग्य प्राप्त हुआ तथा इसी परिवार को प्रथम माल की बोली प्राप्त करने का भी सोभाग्य प्राप्त हुआ, सभी पुण्यार्जकों परिवारों ने प्राक्षुक जल,दूध,दही,धृत,बूरा, केसर, चंदन,सर्वोषधी,इक्षु रस से अभिषेक कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार- उषा पांड्या बनेठा, प्रकाशचंद- प्रेम देवी लाल बाकलीवाल निमोडिया, महावीर कुमार - मंजू जैन पराणा वाले निवाई, विमल गंगवाल दुगार्पुरा, चेतन जैन आयुक्त नगर निगम, पारस बाकलीवाल सांगानेर, सुरेश गंगवाल निमोडिया,नरेश बाकलीवाल दुगार्पुरा, मंजू जैन पूर्व पार्षद निवाई, नेमीचंद बाकलीवाल निमोडिया, ओमप्रकाश कटारिया चित्र कूंट सांगानेर, दीपक पहाड़िया,पलक जैन निमोडिया सरपंच,पवन जैन, तथा राजाबाबू गोधा सहित आस पास के काफी श्रावक श्राविकाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए पुण्यार्जन प्राप्त किया, कार्यक्रम में पारस बाकलीवाल चित्रकूंट सांगानेर ने कुशल मंच संचालन किया।

# जयपुर में आयोजित महावीर इंटरनेशनल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में अनेक बिंदुओं पर हुई चर्चा




## 12 फरवरी को होंगे नए सत्र हेतु MI प्रेसिडेंट के चुनाव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स की गवर्निंग काउंसिल मीटिंग रविवार 13 नवम्बर को जयपुर की होटल रिजेंटा रॉयल ऑर्चिड में की गई। मीटिंग का आगाज सामूहिक रूप से वीर प्रार्थना से हुआ। उसके पश्चात महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर एस के जैन ने अध्यक्षीय वक्तव्य में संगठन की गति प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोरोना काल मे देश भर की एम आई शाखाओं के हजारों वीर-विराओं ने जरूरतमंदों, पीड़ितों की तन मन धन व समर्पण भाव से सेवा की। एक अनुमान के अनुसार तकरीबन 21 करोड़ की लागत से लगभग 22 लाख जरूरतमंदों को राशन किट, भोजन किट, मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। अगली कड़ी में संगठन के महासचिव वीर अनिल जैन ने वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से वर्ष 2021, 22 व अप्रैल 2022 से अक्टूबर तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में जिन विषयों पर चर्चा हुई व प्रस्ताव रखे गए उनमें पिछली 8 अगस्त 2021 के कार्यवृत का अनुमोदन किया गया, वितीय वर्ष 2021-23 का प्रगति प्रतिवेदन एवं वर्ष 2022-23 में अब तक किए नए कार्यो की प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। वर्ष 2022-23 के आडिटेड एकाउंटेंटस की पुष्टि कर वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु ऑडीटर की नियुक्ति की गई। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के प्रस्तावित आय व्यय की कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन ने ऑनलाइन प्रस्तुति दी। अगले क्रम में सत्र 2023-25 चुनाव कराने की तिथि 12 फरवरी 2023 निर्धारित की व चुनाव हेतु चुनाव समिति में निर्मल जैन (आई ए एस) व विनीत कोठारी (न्यायधीश) की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। यह सर्वसम्मति से तय किया गया कि चुनाव में मतदान व्यक्तिगत व ई वोटिंग दोनों ही पद्दति से किया जाएगा, ई वोटिंग में मान्यता प्राप्त एजेंसी का सहारा लिया जाएगा। इस अवसर पर आगामी अधिवेशन को लेकर अम्बाला, सिलीगुड़ी, बालोतरा, बालाघाट, सूरत से जुड़े अपेक्स पदाधिकारियों ने अपनी राय व्यक्त की। अंतर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन ने बताया कि अतिशीघ्र अधिवेशन स्थल पर निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित करने हेतु अवॉर्ड कमेटी के गठन सम्बन्धी चर्चा की गई। अगले क्रम में गत बैठक से अब तक खोले गए केंद्रों की पुष्टि की गई। आगामी गवर्निंग कौंसिल मीटिंग तक नए केंद्रों की मंजूरी के लिए अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। इसी श्रंखला में जयपुर केंद्र द्वारा अपेक्स के विरुद्ध की गई कानूनी कार्यवाही पर अपेक्स द्वारा की गई कार्यवाही का अब तक की स्थिति एवं चर्चा व अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। गवर्निंग कौंसिल में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वीर रणजीत सिंह कुमट, वीर धीरज मरोठी, वीर शांतिलाल कंवाड़, वीर वी एस बापना, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय सेक्रेटरी वीर पारस गोलेछा, वीर नवरत्न पारख तथा वीर पदमचंद जैन, वीरा श्रीमती तारा पगारिया वीर विमल रांका, वीर प्रभाकर नैनावटी, श्री सोहन वैध, वीर अशोक भंडारी, वीर सुरेन्द्र मरोठी, वीर ओम बांठिया, राजकुमार बांठिया, वीर सुशील जैन, वीर शांतिलाल पितलिया आदि अनेक सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर सी एस आर योजना पर डायरेक्टर वीर अशोक जैन व वीर नारायण ने प्रकाश डाला तथा अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर एस के जैन ने भी सी एस आर योजना पर अपने विचार प्रकट किए। बीकानेर में प्रॉपर्टी विवाद के मसले पर वीर संतोष बांठिया ने पूर्ण विगत के साथ जिक्र किया। आभार ज्ञापन अंतर्राष्ट्रीय सेक्रेटरी वीर अनिल जैन ने प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई। व उपस्थित वीर-विराओं का एक सामूहिक फोटोग्राफ लिया गया।

> **वित्तीय वर्ष 2022-2023 के प्रस्तावित आय व्यय की कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन ने ऑनलाइन प्रस्तुति दी...**

# मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह संपन्न हुआ



प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। मुनि शुभम सागर महाराज ससघ, आर्यिका श्री चिन्मयमति ससंघ के सानिध्य में मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह उत्साह पूर्वक हुआ। प्रातः काल आचार्य वैराग्यनंदी महाराज ससंघ 21 पिछी का मुनि शुभम सागर महाराज ससंघ एवं आर्यिका चिन्मयमति माताजी ससंघ का बापुनगर मंदिर में महा मिलन हुआ। बड़ी तादाद में पुरुष- महिला बच्चे इस मिलन दृश्य को देखकर आनंदित हुए। प्रातः आचार्य वैराग्यनंदी महाराज के मुखारविंद से अभिषेक एवं शांति धारा पाठ द्वारा मूलनायक पदम प्रभु भगवान पर सौभाग्य मल, ओम प्रकाश अग्रवाल ने शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राकेश पाठक सभापति नगर परिषद एवं पार्षदा श्रीमती इंदु टाक एवं गौरव टाक थे। प्रचार- प्रसार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे मुनि ससंघ एवं माताजी ससंघ के सानिध्य में पालकी में श्रीजी को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकली। आगे पालकी में श्रीजी, महिलाएं सिर पर पर शास्त्र रखकर एवं मुनि संघ चल रहे थे। पुरुष श्वेत वस्त्र में महिलाएं केसरिया परिधान में जैन ध्वज लिए जयघोष करते चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से गुजरती हुई मंदिर प्रांगण पर पहुंची। पूजा-अर्चना करने के उपरांत मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शुरू में विजयनगर से आए श्रद्धालुगण, एवं प्रेम चंद जैन, लक्ष्मीकांत जैन ने भगवान का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया। महिलाओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने मंदिर में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। तथा आगामी योजनाओं के बारे में अपने विचार प्रकट किए। दानदाताओं एवं सहयोगियों के सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष योगदान देने वालों में ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन, मंत्री पूनमचंद सेठी, प्रकाश पाटनी, ताराचंद झझरी, राकेश जैन, ताराचंदअग्रवाल, बी.एस.यादव, प्रेमचंद जैन एवं लोकार्पण कर्ता रूप चंद जैन परिवार एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में निकिता जैन, नेहल सेठी ,अक्षय जैन, सौम्य जैन, निश्चल जैन, निशांत जैन एवं महिला मंडल की महिलाओं आदि का पगड़ी पहनाकर, शॉल उड़ाकर, माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान नव निर्मित सामग्री कक्ष स्नानघर, एक बड़ा कमरा का रूप- शीला भवन का लोकार्पण रूप चंद जैन परिवार द्वारा मुनि ससंघ व माताजी ससंघ के सानिध्य में किया गया। बड़ी संख्या में श्रावक -श्राविकाऐ उपस्थित होकर इस मांगलिक कार्य की अनुमोदना की। इस अवसर पर मुनि शुभम सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिसमें निज आत्मा का बोध हो गया वह सम्यक दृष्टि है। आत्मदृष्टि से सद्गति को प्राप्त होती है। उन्होंने कहा निज स्वभाव में चैतन्यमय परिपूर्ण हूं, त्रिकालीक हूं। क्यों अपने शरीर के श्रगार करने में अपना समय नष्ट कर रहा है । आत्मा की आराधना से ही कल्याण होगा। आर्यिका चिन्मय मति माताजी ने कहा कि धर्म का सहारा मिला है उसे संभाल कर रख।

# ठाकुर जी को जिमाया छप्पन भोग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री निंबार्क जयंती महोत्सव की श्रंखला में शनिवार को श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में श्री निंबाकार्चार्य पीठ के संस्थापक श्री परशुराम देवाचार्य महाराज एवम् श्री पूवार्चार्य जगतगुरु श्री राधा सर्वेश्वरशरण देवाचार्य महाराज के चरितामृत व उनके द्वारा रचित पदों का संगीतमय गान श्रवनपान किया गया। इस अवसर पर महिला सखियो द्वारा श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में भगवान के छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस अवसर पर सर्वेश्वर संसद और श्री निंबार्क सत्संग मंडल के समस्त पदाधिकारी गण निंबार्क परिकर एवं अन्य भक्तों ने श्री कृष्ण भक्ति से सराबोर पदों की प्रस्तुति से ठाकुर जी को रिझाया।

# जैन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



## आर्शमति माताजी के निर्देशन में प्रतिभा सम्मान सम्पन्न

मनोज नायक. शाबाश इंडिया

ग्वालियर। आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सैकड़ों प्रतिभाशाली जैन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम पूज्य गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी के पावन सान्निध्य एवं निर्देशन में अटलविहारी सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर के मुख्य आथित्य में आयोजित किया गया। पूज्य आर्यिका माताजी के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य भागचंद जैन परिवार (गोटेगांव) मुरार एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य विवेक जैन विक्की मुरेना को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ । प्रारम्भ में मंचासीन अतिथियों ने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलित किया। अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन एवं अजमेर राजस्थान के सुप्रसिद्ध युवा उद्योग पति श्रेयांस जैन 'सन्नी' ने मुख्यअतिथि नरेन्द्रसिंह तोमर का सम्मान किया। इस अवसर पर दिल्ली की मोनिका जैन एवं श्रेयांस जैन सहित अन्य बालिकाओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । अम्बाह नगर पालिका की अध्यक्षा श्रीमती अंजली जिनेश जैन ने कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष श्रेयांस जैन सन्नी परिवार का स्वागत सम्मान किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्पूर्ण भारतवर्ष से आये हुए लगभग 400 प्रतिभाशाली बच्चों को शील्ड, स्मृति चिन्ह, वैग, चुनरी, प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया।

# मासिक बसयात्रा में गूंजे " पदमप्रभ भगवान " के जयकारें, श्रद्धालुओं ने की सामूहिक आरती

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा एकता संघ द्वारा अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शनार्थ के लिए ''मासिक बसयात्रा'' का लगातार आयोजन किया जाता है जो हर महीने दूसरे रविवार को मानसरोवर के वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर से आयोजित की जाती है। रविवार को श्रद्धालुओं ने पदमपुरा दिगम्बर जैन मंदिर सहित अजमेर रोड़ बगरू के पास स्थित दहमी कलां के अति प्राचिन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर और वहां विराजमान आचार्य नवीननंदी महाराज के भी दर्शन किये। यात्रा संयोजक सुदर्शन पाटनी और रवि जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को प्रातः 6.30 बजे मानसरोवर के वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर से बसयात्रा ''पदमप्रभ भगवान' के जयकारों के साथ रवाना हुई। जिसके पश्चात यात्रा पदमपुरा पहुंची जहां पर सभी श्रद्धालुओं ने मूल नायक पदमप्रभ भगवान के दर्शन कर अष्ट द्रव्यों से पूजन किया और पदमप्रभ भगवान की चालीसा का गुणगान कर, सभी ने सामूहिक महामंगल आरती की। **श्रद्धालुओं ने किए दहमीकलां के प्राचीन आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन, लिया आचार्य नवीननंदी महाराज का आशीर्वादः** प्रचार मंत्री हर्षित गोधा ने बताया कि मासिक बस यात्रा के दौरान इस बार यात्रियों को अजमेर रोड, बगरू के पास स्थित दहमीकलां के अति प्राचिन आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन करवाए गए, इस दौरान सभी श्रद्धालुओं को आचार्य नवीननंदी महाराज का मंगल आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। रविवार को आचार्य



नवीन नंदी महाराज का चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छी परिवर्तन समारोह का आयोजन था। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन बाकलीवाल, मानसरोवर संभाग अध्यक्ष कुलदीप छाबड़ा, मंत्री पुलकित लुहाड़िया सहित राकेश जैन, अशोक गंगवाल, महेंद्र छाबड़ा, श्रीमती आशा जैन, निधि जैन, आशा गोधा सहित अन्य श्रद्धालुओ ने भाग लिया।

**मासिक णमोकार**

**महामंत्र जाप्यनुष्ठान 16 को**

जाप्यनुष्ठान व्यवस्था संयोजक अनंत जैन और प्रियंका जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा एकता संघ द्वारा मासिक णमोकार महामंत्र जाप्यनुष्ठान 16 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से प्रचार मंत्री हर्षित गोधा के निवास स्थान पार्थ सारथी रेजीडेंसी, संस्कृति स्पोर्ट्स अकादमी, पत्रकार कॉलोनी (मुहाना मंडी रोड़) पर आयोजित किया जाएगा।

# परिणामों की विशुद्धि धर्म है : गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी

**आर्यिका श्री का दौसा में आज (सोमवार को) होगा भव्य मंगल प्रवेश।**
**आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज से होगा भव्य मिलन**



**जयपुर/दौसा. शाबाश इंडिया**

धर्म भावों की शुद्धि करता है। परिणामों की विशुद्धि का नाम धर्म है ।जहा जीव को शांति मिलती है वहीं तीर्थ है।तीर्थ यात्रा करना भी धर्म है। आत्मा में जाने के सारे धर्म व्यवहार धर्म है। आहार के लिए जहां चार शुद्धि होती है वह चौका है।माताजी ने शुद्धि के प्रकार बताये। द्रव्य शुद्धि, क्षेत्र शुद्धि, काल शुद्धि,भाव शुद्धि ।माताजी ने कहा कि बच्चों में संस्कार माता पिता से आते हैं। मोबाइल के कई फायदे हैं,घर बैठे आपको धर्म की जानकारियां एवं धर्म करने का मौका मिल जाता है। अतः मोबाइल का सही उपयोग करना चाहिए। मनुष्य क्रोध,कषाय,मान,लोभ के कारण थक जाता है। सेवा एवं कल्याण कार्यों को भी धर्म करना कहते हैं। धर्म मानव को शान्ति देता है।धर्म सच्चे सुख में ले जाता है।अतः सभी मनुष्यों को धर्म अवश्य करना चाहिए। ये उदगार भारत गौरव, स्वस्ति धाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ने रविवार 13 नवम्बर को जयपुर -दौसा रोड पर राजपूत कालोनी में स्थित दौसा जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन के आवास पर आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। धर्म सभा का मंच संचालन राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा 'ने किया। धर्म सभा का मंगलाचरण श्री विद्यासागर यात्रा संघ जयपुर के मुख्य संयोजक मनीष चौधरी ने किया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन ने अपने उदबोधन में सभी का स्वागत किया।इस मौके पर जयपुर से अशोक जैन नेता, महेश काला रमेश ठोलिया, विनोद जैन कोटखावदा, विनय सोगानी, ममता सोगानी जापान वाले, विनोद जैन तिजारिया, मनीष चौधरी, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद ,मनीष लुहाड़िया ,पवन जैन, राजेन्द्र काला,राकेश पाटनी, राजेन्द्र जैन, पत्रकार वी बी जैन, महेश बाकलीवाल, महेन्द्र जैन, मनोज सोनी, दौसा जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन , मंत्री प्रवीण जैन,राजेन्द्र जैन खेरवाल, वैध मनोहर लाल जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि माताजी ससंघ का सोमवार,14



गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी जयपुर से प्रस्थान करने के पश्चात चूलगिरी कानोता एवं बस्सी होते हुए दोसा मे आगमन किया एवं बस्सी में उन्होंने स्वस्तिक प्लाइवुड प्राइवेट लिमिटेड में भी अपना प्रस्थान कर धर्म प्रभावना बढ़ाई एवं मंगल आशीर्वाद दिया

नवम्बर को दौसा के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विशाल जुलूस के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा। इससे पूर्व रविवार को माताजी ससंघ जटवाड़ा स्थित बख्शी फार्म हाउस से दौसा की ओर मंगल विहार करते हुए प्रातः आर टी डी सी मिडवे के सामने राजपूत कालोनी पहुंची।

# निः शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन

जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुबन प्रबंध समिति एवं सेवार्थ संगठन द्वारा रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के सहयोग से स्वर्गीय श्री सुमेर चंद जी काला रैणी वालों की पुण्य स्मृति में निः शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन शांति सागर भवन, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुबन में किया गया। अनिल छाबड़ा मंत्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर मधुबन कॉलोनी ने बताया इस कार्यक्रम के पुण्यार्जक परिवार श्रीमती पुष्पा, विकास काला और पलक काला थे। राजेश छाबड़ा सयोजक सेवार्थ संगठन ने बताया की इस शिविर मे 315 से अधिक लोगो ने निः शुल्क जांच व डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर मे जय जिनेन्द्र महिला मण्डल की सदस्यओ का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ शिविर मे संचिता पहाड़िया, विशाखा टोंग्या, तनु शाह व मुग्धा पांड्या ने रजिस्ट्रेशन काउंटर का कार्य बखूभी सम्पादित किया ।




# श्री सुनील जी-सुनीता जी

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के उपाध्यक्ष



14 नवम्बर

वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक शुभकामनाएँ

मोबाइल नंबर 9314169000


# आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर भव्य महा आरती का आयोजन



बारां. शाबाश इंडिया

संत शिरोमणि, अन्तर्यात्री, आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज के 51वे स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर भव्य महा आरती का आयोजन श्री 1008 सम्भव नाथ जिनालय पर किया गया। पाठशाला संचालिका ललिता टोंग्या ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्या सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण किया गया। पूरे देश मे हर जगह जैन समाज द्वारा आरती का कीर्तिमान स्थापित करने हेतु घड़ी में 8 बजते ही एक साथ आरती का महा आयोजन किया गया। आचार्य विद्या सागर पाठशाला के हितार्थ बड़जात्या, आर्जव जैन, हार्दिक टोंगया, अर्थ जैन, मनोज्ञ जैन आदि आरती की थाली सजाकर लाये। दिगम्बर जैन समाज व पाठ शाला के सँयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाठशाला की ललिता टोंग्या व मेघा जैन द्वारा सभी बच्चों में मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के कार्य कारिणी के अनिल जैन ,वरिष्ठ सदस्य प्रकाश जैसवाल,महावीर बड़जात्या, प्रकाश टोंगया, दयाचंद जैन, दिनेश सेठी, रमेश पोरवाल, सोनू जैन,आदित्य कासलीवाल एवं पूर्णिमा सेठी चित्रा जैन, निशा जैन ललिता सोनी सरिता सिंघल, शुभी जैन एवं अन्य कई महिला पुरुषों व बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका

@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर

शाबाश इंडिया

shabaasindia@gmail.com

weeklyshabaas@gmail.com

# आज 14 नवम्बर को सुबह 9.30बजे निशुल्क नेत्र जांच शिविर का सम्मान व समापन होगा



## रविवार को हुए 145 का नेत्र लेंस प्रत्यारोपण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल सन्मति ग्रुप द्वारा एवं सोश्यल एन्ड ब्लड ऐड सोसायटी, जयपुर द्वारा सेठ जगन्नाथ कपूरचन्द मेमोरियल ट्रस्ट, झिलाय, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति ,मीरा मार्ग मानसरोवर के सयुंक्त तत्वावधान में झिलाय तहसील निवाई मे 12 नवम्बर को आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर के अंतर्गत चयनित 145 रोगियों के 13 नवम्बर लैंस प्रत्यारोपण डॉक्टर विरेंद्र लेजर आई हॉस्पिटल टोंक रोड जयपुर पर किये गये। सम्मान एवं समापन समारोह आज 14 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या व मंत्री निर्मल संघी ने बताया कि 14 नवम्बर को सम्मान एवम समापन समारोह के पश्चात सभी रोगियों को ग्राम झिलाय वापस भेजा जाएगा। सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश गोदिका व सचिव अनिल रावका ने बताया कि शिविर मे निम्न संस्थाओं जैन सोश्यल ग्रुप महानगर, जयपुर श्री आदिनाथ फाउंडेशन, मानसरोवर, श्री आदिनाथ महिला जागृति परिषद्, जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी, जयपुर का भी सहयोग हुआ। सन्मति ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष लोग्या ने बताया कि शिविर के लिए कमल - मंजू ठोलिया , प्रदीप - प्राची जैन, राजेश - रानी पाटनी,संजीव - रश्मी जैन को संयोजक बनाया गया हैं।



# रोटरी उदिता क्रिकेट कुम्भ का शानदार समापन







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

इवेंट चेयरमैन रोटे. इंजी. पीसी संघी में बताया कि विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 जिसमें गुजरात व राजस्थान के रोटरी क्लबों की उदिता क्रिकेट चैंपियनशिप 2022 दिनांक 12 एवं 13 को रोटरी क्लब बापू नगर द्वारा आयोजित आर्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी कूकस के मैदान में खेले गए घमासान फाइनल क्रिकेट मैचों का शानदार समापन हुआ। इस भव्य टूर्नामेंट में जिसका उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट पूर्व गवर्नर अजय काला व गवर्नर डा. बलवतं चिराना द्वारा किया गया। लीग मैचों द्वारा चयनित राजस्थान एवं गुजरात की 8 टीमों के मध्य खेले गए मैचों के अंतिम दौर में रोटरी क्लब अहमदाबाद सुप्रिम एवं जयपुर रायल के मध्य रोमांचक फाइनल मैच में अहमदाबाद सुप्रिम द्वारा 10 ओवरों में 138 रनों का लक्ष्य दिया गया जिसमें अहमदाबाद सुप्रिम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए जयपुर रॉयल टीम को 111 रन पर ही समेट दिया। इसी बीच रोटरी क्लब्स जयपुर बापू नगर व साउथ की लेडीज का बड़ा ही शानदार मैच हुआ जिसमें टीम साउथ विनर रही। इस प्रकार राजस्थान में प्रथम बार खेले गए इस मैच की विनर ट्रॉफी गुजरात अहमदाबाद सुप्रिम ने अपने कब्जे में कर ली । आर्य कॉलेज के चेयरमैन अनुराग अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीरज अग्रवाल, रोटरी क्लब बापुनगर प्रेसिडेंट आर एस गुप्ता द्वारा अहमदाबाद सुप्रिम की टीम को विजेता ट्राफी व जयपुर रायल को उप विजेता ट्राफी प्रदान की गई ।

## श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, विवेक विहार में हुआ भव्य आयोजन




### बैंड बाजों और मंगल गीतों के साथ निकली भगवान के माता-पिता की बिंदोरी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी में होने वाले आगामी पंचकल्याण 24 नवंबर से 28 नवंबर में भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य राजकुमार - किरण सेठी को मिला है। इसी उपलक्ष में समाज की तरफ से गोद भराई का कार्यक्रम दिनांक 13 नवंबर 2022 रविवार को रखा गया था। रविवार को सभी समाज जन प्रातः7:30 बजेश्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार मे इसी श्रृंखला में विवेक विहार महिला मंडल ने बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी ।जिसमे माता के सोलह सपनो को दर्शाया इसके पश्चात समाज द्वारा गोद भराई का आयोजन किया गया । तत्पश्चात भव्य जुलूस के साथ गाजे-बाजे के साथ जुलूस उदय पथ जनपद वशिष्ट मार्ग महावीर मंदिर होता हुआ आदिनाथ मंदिर वशिष्ट मार्ग पहुंचा यहां पर सामूहिक रूप से गोद भराई कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान विवेक विहार मंदिर मंत्री सुरेंद्र पाटनी, कोषाध्यक्ष पारस छाबड़ा, सहमंत्री दीपक सेठी, कार्यकरणी सदस्य अरुण पाटनी, पंकज रारा नरेश जैन, अनिल पाटनी, सौरभ लुहाड़िया एवंम समस्त सदस्यो की उपस्थिति रही ।विवेक विहार महिला मंडल अध्यक्ष सरला बगड़ा एवंम मंत्री अलका पांड्या के निर्देशन में सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। समाज श्रेष्ठि सुरेश सबलावत, नरेश पाटनी,राजेश सेठी,प्रदीप चूड़ीवाला श्याम नगर आदिनाथ मंदिर अध्यक्ष निहाल पांड्या, वैभव लुहाड़िया एवंम श्यामनगर महिला मंडल की कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति रही।

## आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का 50 वां आचार्य पदारोहण दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया



**बुंदी. शाबाश इंडिया**

श्री दी.जैन महिला महासमिति संभाग बुंदी द्वारा 10 नवम्बर 2022 को चोगान जैन मंदिर आश्रम में परम पूजनीय सत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का 50 वां आचार्य पदारोहण दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। आचार्य श्री की तस्वीर के सम्मुख अष्टाह्निका के आठ उपवास करने वाली तपस्वी श्रीमती भंवरी जैन,अध्यक्ष सुमन कासलीवाल , सचिव अनिता सेठिया ,उपाध्यक्ष मंजु पाटनी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया ।उसके बाद आचार्य श्री की 51 दीपो द्वारा महाआरती की गई । भक्ति भाव पुर्वक नृत्य किये ।अंत मे अध्यक्ष सुमन कासलीवाल द्वारा आचार्य श्री के प्रति विनयांजली प्रस्तुत की गई और सभी को शुभकामना दी गई।